भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 835
सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025 (17 अग्रहायण, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई सुरक्षा नयाचार और रनवे पर घुसपैठ के जोखिम

835 श्री बी. पार्थसारधी रेड्डीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय विमानपत्तनों पर रनवे पर घुसपैठ की कितनी घटनाएं दर्ज की गई हैं;

(ख) क्या नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हाल की सुरक्षा लेखापरीक्षाओं के आधार पर उच्च सुरक्षा जोखिम वाले विमानपत्तनों की पहचान की है; और

(ग) प्रमुख विमानपत्तनों पर सतही गति रडार (एसएमआर) और एडवांस्ड विजुअल गाइडेंस डॉकिंग सिस्टम के कार्यान्वयन की स्थिति सहित निगरानी प्रणालियों को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय हवाईअड्डों पर रनवे घुसपैठ के संबंध में रिपोर्ट की गई घटनाओं का ब्यौरा इस प्रकार है:

वर्ष	**रनवे घुसपैठ की संख्या**
अक्टूबर, 2022 से सितंबर, 2023	49
अक्टूबर, 2023 से सितंबर, 2024	40
अक्टूबर, 2024 से सितंबर, 2025	39

(ख): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सीएआर खंड 4 श्रृंखला बी भाग 1 और सीएआर खंड 4 श्रृंखला एफ भाग 1 में उल्लिखित विनियामक अनुपालन को सत्यापित करने के बाद हवाईअड्डों को एयरोड्रोम लाइसेंस जारी करता है। विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन की निगरानी करने के लिए लाइसेंस प्राप्त एयरोड्रोम का निगरानी निरीक्षण नियमित रूप से किया जाता है। अगर डीजीसीए द्वारा किसी संरक्षा संबंधी मुद्दे को चिह्नित किया जाता है, तो एरोड्रोम प्रचालक को इस अनुपालन को पूरा करने के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है ।

(ग): डीजीसीए के पास नियमित निगरानी निरीक्षण के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त हवाईअड्डों पर संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत तंत्र विद्यमान है। सरफेस मूवमेंट रडार (एसएमआर) केवल उन हवाईअड्डों के लिए अनिवार्य है जिनका प्रचालन कैट-III स्थितियों के दौरान किया जाता है जबकि एडवांस्ड विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम एक वांछनीय सिस्टम है जिसे एयरोड्रोम प्रचालक द्वारा डॉकिंग गाइडेंस के लिए चुना जाता है।

******